**Patrika (Indore), 16th December 2021, Page-2**

## आइआइटी में विज्ञान सम्मेलन व प्रदर्शनी 22 से

**इंदौर.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में मध्यप्रदेश विज्ञान सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन 22 से 25 दिसंबर को किया जाएगा। आइआइटी के साथ शहर के 12 कॉलेजों में ऑनलाइन और ऑफलाइन आयोजन होंगे। आइआइटी इंदौर में बुधवार को विज्ञान भारती के राष्ट्रीय आयोजन सचिव जयंत सहस्त्रबुद्धे ने बताया, सभी राज्यों में विज्ञान सम्मेलन कराए जा रहे हैं। कर्टन रेजर में आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन, एसजीएसआइटीएस के निदेशक प्रो. राकेश सक्सेना, आइआइटी इंदौर के प्रो. संतोष विश्वकर्मा सहित अन्य कॉलेजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।